अधिकारी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होते हैं, सामाजिक दायित्व से कभी नहीं- भजनलाल

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ संवाद किया

जयपुर, 11 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सामाजिक न्याय को नीतियों की आत्मा और योजनाओं का सार मानते हुए राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना से कार्य कर रही है, जिससे वंचित वर्गों का अभूतपूर्व उत्थान हो रहा है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सेवानिवृत्त अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया और जनसेवा की है।

अधिकारी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होते हैं, लेकिन सामाजिक जिम्मेदारियों से कभी नहीं। उनका दायित्व है कि वे वर्षों के प्रशासनिक अनुभव, जमीनी परिस्थितियों के व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव का उपयोग करते हुए युवाओं को मार्ग दिखाएं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सेवानिवृत्त अधिकारियों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि अनुसूचित जाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत करीब सवा चार लाख और अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 4 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

सेवानिवृत्त अधिकारियों ने छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, निःशुल्क कोचिंग योजना, कौशल विकास सहित, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

- **सेवानिवृत्त अधिकारियों ने छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, निःशुल्क कोचिंग योजना, कौशल विकास सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।**

अमेरिका, ईरान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संभावित निशाने के तौर पर अपनी तय मंजिल की ओर उड़ रहे थे।

सिर्फ एक बात संदिग्ध थी कि जब विमान टेक-ऑफ के लिए टैक्सी कर रहा था (रनवे पर चल रहा था), तो मीडिया पूल के सदस्यों से खिड़कियों के शेड नीचे करने को कहा गया। यह काफी असामान्य बात है, क्योंकि उड़ान भरते और उतरते समय आम तौर पर खिड़कियों के शेड खुले रखे जाते हैं।

बाद में जब पत्रकारों ने उड़ान के दौरान हुई अनियमितताओं और हालात के बारे में पूछा, तो राष्ट्रपति ने पुष्टि की कि वे एक खतरनाक उड़ान पर थे। मामले को और नाटकीय बनाते हुए राष्ट्रपति ने मीडिया से कहा कि "अगर वे नहीं रहते, तो वे भी नहीं रहते" और यह भी कहा कि शायद उन्हें अपना पेशा बदलने के बारे में सोचना पड़े।

लेकिन इसका जो भी नतीजा हो, लेकिन सोचने की बात यह है कि अमेरिकी प्रशासन किस तरह के डर में है और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को किस तरह के खतरों का अंदेशा है। शायद ईरान अपनी ताकत के नशे में हैं।

पंजाब में तीर्थ यात्रा की राजनीति ने फिर जोर पकड़ा

पंजाब सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठाने की न्यूनतम आयु सीमा 50 वर्ष कर रही है और इसमें सालासर, खाटूश्याम जी, अजमेर शरीफ को भी शामिल किया है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। पंजाब, जहाँ अगले वर्ष की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इन दिनों 'यात्रा राजनीति' की चपेट में आता दिखाई दे रहा है।

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी प्रमुख योजना "मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा" का विस्तार किया है। यह सरकार द्वारा वित्तपोषित मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम है, जो मूल रूप से वरिष्ठ नागरिकों पर केन्द्रित था और बाद में 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों तक इसका दायरा बढ़ा दिया गया। इस योजना में सिख तीर्थस्थलों, हिंदू मंदिरों और यहां तक कि अजमेर शरीफ को भी शामिल किया गया है। हाल ही में, इसमें सालासर-खाटू श्यामजी, हरिद्वार-ऋषिकेश और मथुरा-वृंदावन के तीर्थ सर्किट भी जोड़े गए हैं।

- **शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख जागरण यात्रा शुरु की है तो भाजपा ने गुरु रविदास के जन्मस्थल की मिट्टी की कलश यात्रा शुरु की है।**
- **कांग्रेस एकता यात्रा निकाल रही है, जिसमें कोई धार्मिक रंग नहीं है।**

अकाल तख्त के संरक्षण में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने मीरी-पीरी खालसा मार्च का आयोजन किया है। इसका उद्देश्य सिख चेतना को मजबूत करना और युवा पीढ़ी को पंथक संस्थाओं से जोड़ना है। वहीं, भाजपा ने वाराणसी स्थित गुरु रविदास की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी लेकर कलश यात्राएं शुरू की हैं। इनका लक्ष्य रविदासिया समुदाय के साथ-साथ व्यापक दलित समुदाय तक पहुंच बनाना है। इससे पहले भाजपा ने अंबेडकर से जुड़े विरासत स्थलों को केन्द्र में रखकर पंच तीर्थ यात्राओं और स्वतंत्र कीर्तन दरबारों का भी आयोजन किया था। कांग्रेस का जोर हालांकि विशुद्ध धार्मिक तीर्थयात्राओं पर कम है, लेकिन उसने सभी विधानसभा क्षेत्रों में नेतृत्व की पहुंच बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी एकता बस यात्रा पर चर्चा की है।

ऐसा नहीं है कि पंजाब चुनावों से पहले इस तरह की पहल पहली बार देखने को मिल रही है। वर्ष 2015 में तत्कालीन अकाली दल के नेतृत्व वाली सरकार और एसजीपीसी ने संयुक्त रूप से धार्मिक दर्शन यात्रा आयोजित की थी, जिसमें सिख ऐतिहासिक धरोहरों और अवशेषों को प्रदर्शित किया गया था। पंजाब की राजनीति में धर्म की भूमिका लंबे समय से रही है। शिरोमणि अकाली दल का पंथक आधार और एसजीपीसी का प्रभाव राजनीति में धार्मिक संस्थाओं की अहमियत को दर्शाता है। मौजूदा दौर में यात्राओं की यह लहर किसी पूरी तरह नई रणनीति के बजाय, पहले से स्थापित तरीके के अधिक व्यापक और विविध रूप में सामने आ रही है।

पंजाब की राजनीति में धर्म की ऐतिहासिक रूप से केन्द्रीय भूमिका रही है। सिख संस्थाओं को नैतिक अधिकार प्राप्त है। हालांकि राजनीतिक दल इन यात्राओं को सांस्कृतिक या कल्याणकारी कदम के रूप में पेश करते हैं, लेकिन साथ ही वे चुनाव के समय उपयोगी साबित होने वाले भावनात्मक जुड़ाव और लाभार्थियों के नेटवर्क भी तैयार करते हैं। आलोचक इसे प्रतिस्पर्धात्मक 'तीर्थयात्रा राजनीति' के रूप में देखते हैं, जबकि समर्थकों का कहना है कि ये यात्राएं लोगों की वास्तविक आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करती हैं।

इस बार संगठित यात्राओं में आई तेजी के पीछे राजनीतिक दलों का रणनीतिक गणना अधिक प्रमुख दिखाई देता है, यानी सामाजिक आधार का विस्तार करना, प्रतिद्वंद्वियों का मुकाबला करना और जमीनी स्तर पर लोगों से संपर्क बढ़ाना।

15 अगस्त से ग्रामीण स्कूलों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अगर किसी चीज की सबसे ज्यादा उपेक्षा या अनदेखी हुई है, तो वह हमारे गांवों के सरकारी स्कूल हैं। उन्होंने सवाल किया, हमने नई संसद, नया प्रधानमंत्री आवास बना लिया है। लेकिन हम अपने गांवों में नए स्कूल क्यों नहीं बना पाए? क्या हम किसानों और मजदूरों के बच्चों को अपने देश का भविष्य नहीं मानते? दीपके ने कहा कि गांवों के बच्चों को आज भी स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और कई जगहों पर उन्हें पीने का पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं होती हैं।

शाह के संसद में बयान से भाजपा छात्र आंदोलन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रवेश द्वार 'मकर द्वार' की ओर मार्च करते हुए पहुंचे। इससे पहले, उन्होंने गठबंधन की संसदीय दल की साप्ताहिक बैठक 'मंगल मिलन' में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने "राहुल गांधी जवाब दो" और "राहुल गांधी भागो मत" जैसे नारे लगाए।

सूत्रों के अनुसार, दो सप्ताह से अधिक समय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह-दोनों की संसद के दोनों सदनों में अनुपस्थिति को लेकर विपक्ष के इंडिया ब्लॉक द्वारा 20 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में युवाओं के खिलाफ पुलिस की कथित बर्बरता और मनमानी पर गृह मंत्री से बयान दिलाने की प्रतिबद्धता का मुकाबला करने के लिए रणनीति तैयार की गई।

यह रणनीति आज उस समय सामने आई, जब झारखंड पुलिस ने कल प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इस संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता कि भाजपा ने इंडिया ब्लॉक की बढ़ती स्वीकार्यता को कमजोर करने के लिए झारखंड में हिंसा भड़काने के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष, दोनों तरह के साधनों का इस्तेमाल किया हो।

सोमवार को सरकार ने घोषणा की थी कि देश के विभिन्न हिस्सों में हुए छात्र प्रदर्शनों पर गृह मंत्री अमित शाह बहस में हिस्सा लेंगे।

लेकिन राहुल गांधी ने कहा कि देश संसद में "सामान्य विषयों" पर शाह की राय जानने में रुचि नहीं रखता। देश यह जानना चाहता है कि क्या उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पैलेट गन से गोली चलाने का आदेश दिया था।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता दुनिया के सामने उजागर हो गई है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में भूख हड़ताल पर बैठे देवेन्द्र नाथ महतो के साथ राज्य में मारपीट की गई।

ज्ञातव्य है कि झारखंड में कांग्रेस गठबंधन सरकार का हिस्सा है।

भाजपा सांसद कंगना रानाउत ने कहा कि झारखंड में बच्चों के साथ कथित तौर पर अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उनके साथ बर्बरता से मारपीट की गई है और उनके खिलाफ पानी की बौछारों तथा आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया है। हमें इस बारे में आवाज उठानी होगी। हम इस पर जवाब मांग रहे हैं।

इस बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित, विपक्षी सांसदों ने भी अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चंदे की कथित चोरी और 20 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कथित ज्यादती को लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

इसी बीच, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आज झारखंड लोक सेवा परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो को प्रेरणा की आवाज बताया। यह बयान ऐसे समय आया है, जब भाजपा ने रांची में छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया है।

दीपके ने सोमवार को कई दिनों से भूख हड़ताल पर रहने के बावजूद झारखंड विधानसभा तक मार्च में शामिल हुए महतो से फोन पर बातचीत की। महतो ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "देर रात सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके जी से हमारी बातचीत हुई। उन्होंने हमारा हालचाल जाना और अपना पूरा समर्थन दिया।"

दीपके ने मंगलवार सुबह इस संदेश का जवाब हिन्दी में देते हुए लिखा, "देवेन्द्र भाई, आपके साहस और जज़्बे को हमारा सलाम! आप झारखंड के युवाओं की आवाज और प्रेरणा हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "इस लड़ाई में हम पूरी ताकत के साथ मजबूती से आपके साथ खड़े हैं। देश को आप जैसे साहसी और दृढ़ संकल्प वाले युवाओं की जरूरत है। हम आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। देश को आपकी जरूरत हैं।

छात्र आंदोलनों के बीच यह एकजुटता ऐसे समय सामने आई है, जब सत्तारूढ़ भाजपा ने झारखंड की जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपना हमला तेज कर दिया है। इस सरकार में कांग्रेस भी गठबंधन सहयोगी है। भाजपा राज्य लोक सेवा परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पानी की बौछार, आंसू गैस और लाठीचार्ज किए जाने को लेकर राज्य सरकार को निशाना बना रही है।

कम डाउन पेमेंट | ₹5 999/^- | Hero GoodLife | चांदी का सिक्का जीतने का मौका* | pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक# | टोल फ्री 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas variant applicable in Rajasthan.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सरफि ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: मुहाना मोटर्स, 9351591591, रायसर: श्री बालाजी मोटर्स, 9414493720, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, एम आर मोटर्स, 0141-2348111, बेनर रोड: पूनिया मोटर्स, 9928868990.

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908